NOVEMBER 2019

RAINBOW SATHI
रेनबो साथी

हम क्या चाहते: हमारी नजर में चमकता है क्या और खटकता है क्या

WHAT WE WANT: WHAT WE DETEST AND WHAT BRINGS A SPARKLE IN OUR EYES

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

TEAM Work

Year 3, Issue 14
November 2019

EDITOR IN CHIEF
BHASHA SINGH

ADVISIORY BOARD
T.M. KRISHNA
K. LALITHA,
GEETA RAMASWAMY
K. ANURADHA

EDITORIAL BOARD

CHANDA
(DELHI)

SAHITYA
(HYDERABAD)

SHIVAM
(PATNA)

S KUMAR
(HYDERABAD)

AMBIKA, DEEPTI
BEZWADA WILSON

CHILD JOURNALIST

SUMMI MUNIR, DELHI
DEEPAK AMAN, DELHI
SABITHA, HYDERABAD
A KUMAR, HYDERABAD
NAGA LAXMI, HYDERABAD
BHAVANI, CHENNAI
ARUN KUMAR, PATNA
CHAMPA KUMARI, PATNA
SOMNATH CHAUHAN, PUNE
SAVITRI, BANGALORE
KEERTHANA, BANGALORE
SUBHASHREE, KOLKATA
KABITA, KOLKATA
RIYAZ ANSARI, PATNA
CHANDA KUMARI, PATNA
AMITA KUMARI, PATNA
ASHA KUMARI, PATNA
SHERNISHA, CHENNAI

CITIZEN JOURNALIST

ARTI SINGHASAN, DELHI
DIVYA, HYDERABAD
CHAKRAVARTHY KUNTOLLA, HYDERABAD
PRIYADHARSHINI, CHENNAI
JOYTI KUMARI PATNA
AMRUTA, BANGALORE
KANCHAN PASWAN, KOLKATA

SUPPORT TEAM

PRISCELLA
KOLKATA
SHINY VINCENT
BANGALORE
SRILATHA MORAMPUDI
PUNE
NANKI
DELHI
SHADAN
PATNA
KRANTHI
HYDERABAD
SIVAGAMI NATARAJAN
CHENNAI
BABU S
HYDERABAD
SAKSHI TIWARI
HYDERABAD

Design:
ROHIT KUMAR RAI

Editor's Column

हम बोलें दुनिया सुने...

दोस्तो

हम बच्चे दुनिया को कैसे देखते हैं। हमारा अपना नज़रिया होता है किसी भी घटना- किसी भी स्थिति या रिश्तों को देखने-समझने का। इसकी ठोस वजहें भी होती हैं। हमारे आस-पास का माहौल कैसा है, हम कहां और कैसे बढ़े हो रहे हैं, इनसे तय होती है हमारी पसंद-नापसंद। हमारा बुनियादी स्वभाव भी इससे प्रभावित होता है। यह समझना और दुनिया को इसे समझाना।

इसे ही समझाने की कोशिश हम रेनबो साथी के इस अंक में कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि रेनबो होम्स में रहने वाले बच्चों का अनुभव, बाकी घरों में रहने वाले बच्चों से अधिक होता है। हम जितना अपने शहर-मोहल्ले-गलियों के बारे में जानते हैं, हम जितना भूख और गरीबी के बारे में जानते हैं, हमने अपराध और हिंसा को जितने पास से देखा है, उतना किसी दूसरे बच्चे ने शायद ही देखा हो। बालिग होने, यानी 18 साल होने से पहले ही हमें समाज की अनेक कुरीतियों से टकराना पड़ता है। हमने अपनी छोटी-सी जिंदगी में कई साल असुरक्षा में गुजारे हैं, लिहाजा हमें सुरक्षा और केयर का महत्व पता है। बाल विवाह से जीवन कैसे तबाह होता है, इसे सामने-सामने देखा और महसूस किया है। बाल मजदूरी किस तरह से बचपन को निगलती है- यह हमारे लिए किताबी ज्ञान नहीं है।

इसी तरह से हमें दोस्ती करना पसंद होता है, क्योंकि जीवन में कम दोस्त मिलते हैं। दोस्ती ही बड़े से बड़े संकट से पार लगाने का साहस देती है। हम एक-दूसरे का हाथ थामे तमाम संकटों को भूल जाते हैं। खुली जगह, खेलना-कूदना, पार्क, पेड़-पौधे हमारे दिल के करीब होते हैं। पार्क में जाकर हम फूलों की तरह खिल जाते हैं और झूले पर पेंगे मारते हुए हमारी आंखें सपने देखती रहती हैं। हमारे लिए तीन बार का खाना मिलना एक बहुत बड़ा सुख है। रहने के लिए सुरक्षित और प्यार भरा वातावरण हमें दिलो-जान से प्यारा है- रेनबो होम्स में हमारा मन प्राण बसता है।

ये सारी चीजें आपको हमसे ही सुनने को मिलेंगी, क्योंकि ये ही हमारे जीवन का सार है, हमारे जीवन की पूंजी है। हम चाहते हैं कि जब भी बच्चों और बड़े होते बच्चों के बारे में बात हो तो हमारी पसंद-नापसंद का ध्यान रखा जाए और इसे सम्मान भरी निगाह से देखा जाए। यहां हम ऐलान करते हैं कि बच्चों की दुनिया के बारे में कोई भी अवधारणा-हमारे बिना पूरी नहीं है।

हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे !!!

We speak world listens

Friends

How do we as children see this world! We have our own vision to see any incident or situation, or to understand the different phases of any relationship. There are reasons for that. Our likes and dislikes are formed by environment around us, where we live and grow. It also shapes our basic nature.

We are trying to understand this in this issue. Children living at Rainbow Homes have more experience of life than the others. They know more about the surroundings, about hunger & poverty. They have seen crime & violence more closely. They fight many social evils even before becoming an adult. Being through insecurity through whole childhood, we know more about importance of care and safety. We have seen lives destroyed by child-marriages from close quarters. We have learnt about child labour through our own experiences.

We love to make friends, as a good friendship is rare. We actually know, why a friend in need is a friend indeed! We love open spaces, parks and nature, where we bloom like flowers and give our dreams a new height while on swings. Three meals a day is a luxury for us, but what we cherish is our stay at Rainbow Homes, where we get a safe and friendly environment.

That's all, what we are going to hear from our kids in this issue. This is the essence of our lives. We wish that whenever we talk about children and young adults, we respect their likes and dislikes. No perception about children's world is complete without them in the centre!

WE SHALL FIGHT, WE SHALL WIN!!!

THE STORY OF A BUDDING FLOWER

My name is Diya Mondal. I am studying in Class IX. I have two younger sisters. Diyanshi Mondal is 4 years old and youngest sister Priyanshi Mondal is 3 years. My age is 13 years. Till class IV, I was studying in a nearby school. My parents admitted me to a residential school in class V. But then our family suffered some financial problems. Due to that my parents were not able to continue my study there. Therefore, in 2017 I returned to home and got admission in Harinavi Subhasini Balika Sikshalaya.



My mother used to go for work every day. We three sisters used to be at home. My father worked as construction worker, so sometimes he will not go for work. On those days, as nobody used to be around, my father took the advantage and abused me. It happened a few times. I wanted to tell my mother but father used to threaten me. But somehow my mother understood that something was wrong. One day my mother came to drop me to the school. On the way she asked me whether everything was fine or not. I was hesitant to tell her the incident. But she insisted and then I told her everything. She assured me that she will do something until I return to home. While I was in school, my mother discussed this matter with all the relatives. They advised her to talk to my father. As soon as I returned to home, I went for my tuition class. During that time my mother confronted my father about that incident. Initially he denied any such thing. But when she pressed him to speak truth, he threatened to kill her. After this incident, he would beat me a lot. My mother didn't want to keep me in at house anymore. We then came to know about Shanti Rani Rainbow Home through a neighbour. My mother took me to the Rainbow Home. After listening the whole story, Sister agreed to give me admission. My mother told me not to be bothered about what has already happened. She said that, after becoming an adult I would be able to prove that my father was a culprit. My mother believed me totally.

I was not happy at my home. I had to look after my younger sisters, hence I couldn't study. My father used to verbally abuse everybody as long as he was at home. Nobody was able to stop him, if someone tried to do so then he will throw things on them. Everyone was scared of him. After I came to Rainbow Home, my mother stopped going for work so that she can take care of my younger sisters.

Now in the vacations, I will not go to my home because counsellor madam has said that it will not be safe for me. I love to stay at Shanti Rani home. I study properly and have many friends. I want to become a doctor or a lawyer when I am adult.

Diya Mondal, 9th Std, Shanti Rani Rainbow Home, Kolkata

खिलते फूल की कहानी

मेरा नाम दिया मंडल है और मैं नौंवी कक्षा में पढ़ रही हूं। मेरी दो छोटी बहने हैं दियांशी मंडल 4 साल की है और सबसे छोटी प्रियांशी मंडल 3 साल की है। मेरी उम्र 13 साल है। चौथी कक्षा तक मैं घर के नजदीक ही एक स्कूल में पढ़ रही थी। मेरे माता-पिता ने पांचवी कक्षा में मुझे एक रेजीडेंशियल स्कूल में भर्ती करा दिया। लेकिन कुछ समय बाद मेरे परिवार को पैसे की दिक्कतों से गुजरना पड़ा। इसलिए मेरी पढ़ाई वहां कराना संभव नहीं रहा। फिर 2017 में मैं घर लौट आई और मेरा दाखिला हरिनावी सुभासिनी बालिका शिक्षालय में हो गया। मेरी मां रोजाना काम पर जाती थी, मैं व मेरी दोनों बहनें घर पर ही रहते थे। मेरे पिता मजदूरी करते थे। जब वह घर पर रहते थे और कोई देखने वाला नहीं होता था तो वह मौके का फायदा उठाकर मेरा शोषण करते थे। मैं अपनी मां को सब बताना चाहती थी लेकिन मरे पिता मुझे डराकर रखते थे। लेकिन किसी तरह मेरी मां को समझ में आ गया कि कुछ गलत हो रहा है। एक दिन मेरी मां मुझे स्कूल छोड़ने गईं। रास्ते में उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं ठीक तो हूं। मैं बताने में हिचक रही थी लेकिन मां के जोर डालने पर मैंने उन्हें सब कुछ बता दिया। मां ने मुझे भरोसा दिलाया कि मैं घर लौटूंगी तब तक वह कुछ रास्ता निकालेंगी। उन्होंने उस दिन अपने रिश्तेदारों से बात की तो सबने उन्हें मेरे पिता से सीधे बात करने की सलाह दी। मैं स्कूल से घर लौटी और फिर ट्यूशन क्लास चली गई। उस समय मेरी मां ने पिता से इस बारे में पूछा। शुरू में तो उन्होंने इससे साफ मना किया लेकिन जब मां ने सच बोलने के लिए जोर डाला तो पिता ने मां को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद पिता मुझे बहुत मारने लगे। मां को एक पड़ोसी से शांति रानी रेनबो होम के बारे में पता चला। मां मुझे वहां लेकर गईं। सारी बात सुनने के बाद सिस्टर ने मुझे वहां दाखिला दे दिया। मां ने मुझे समझाया कि जो हुआ उसका असर अपने पर आने न दूं और जब मैं बड़ी हो जाऊंगी तो पिता को कसूरवार साबित करूं। मेरी मां मुझपर पूरा भरोसा करती थी।

अब छुट्टियों में मैं घर नहीं जाती क्योंकि काउंसलर मैम का कहना है कि मेरे लिए वह सुरक्षित नहीं। मुझे होम में अच्छा लगता है। पढ़ाई खूब करती हूं और कई दोस्त भी बने हैं। मैं बड़ी होकर डॉक्टर या वकील बनना चाहती हूं।

दिया मंडल, *9 वीं, शांति रानी रेनबो होम, कोलकाता*

अमिता, *6वीं, 12वर्ष, खिलखिलाहट*
अमन रेनबो होम, पटना

समाज की परचम है नारियां ,
पहने संस्कृति की साड़ियां।
समाज की कुरीतियों कों झेलतीं,
सर पर अपने आँचल फेरतीं ।

हम भूल जाते उसकी कद्र,
फिर भी निकलती वो निडर।
नहीं करती मगर कभी जिक्र,
रहती है उनको सबकी फिक्र।

समाज के रीति-रिवाजों को,
बड़े लगन से वह मानती।
राजनीति की भी जिम्मेदारियां,
हौंसले से वे संभालती।

कदमों से जब चौखट लांघती,
समाज के ताने भी सुनती।
लेकिन फिर भी संघर्ष करकर,
एक सम्पूर्ण परिवार बुनती।

Making dreams come true

Kajal,
8th Std. Bangalore

I am living at Rainbow Home for last 3 years. Initially I was not interested to come here. But then staff of Rainbow Home and other children of this home helped me in adjusting myself here. They gave me courage to study as well as to explore hobbies like singing. It was then that I started feeling happy to have come to such a good place. Earlier, I never felt that I had any talent. Only after coming here I realised about that. I and many children like me used to live on streets or railway stations even they all do have dreams of good education and bright future. They just don't know the way to fulfil their dream. Rainbow Homes makes this dream come true for them.

Rainbow Home children give their best for education as well as in other activities. My brother was not interested in studies earlier, but after coming to Rainbow Home he has become good in studies. Few of the children at Rainbow Home have lost their parents. But here everyone makes them feel like a big family. After coming here, Rainbow home is helping me to reach my goal and, not just me but many-many kids like me are inspired to reach their goals here. I like Rainbow Home; I like staff here and my sincere thanks to all of them. But then, I definitely don't like the upma which sometimes we get in food!!

I don't like our social structure

I also don't like social setup because so many unfair things are happening everyday. Women don't get the respect they deserve. They are always exploited, even before their birth and hated thereafter, even in their own families. There won't be any man without woman. I don't like when girls are caged at homes without any education, just killing their dreams. I also don't like kids working or begging on streets. Many selfish adults will force kids to do that. Children are kidnapped, their body parts being sold- I have seen many incidents like that. On the other side, children will leave their parents when they become elder. This is not a good picture of our society.

Renuka Ganesh Kale, Shivaji Nagar Rainbow Home, Pune

सपने सच होना अच्छा लगता है

मैं पिछले तीन सालों से रेनबो हो में हूं। पहले मेरा मन यहां आने का नहीं था। लेकिन फिर रेनबो होम के स्टाफ और साथी बच्चों ने मुझे यहां एडजस्ट होने में मदद दी। उन्होंने मुझे इस बात का हौसला दिया कि मैं पढ़ूं और साथ में गाने जैसे अपने शौक भी पूरे करती रहूं। उसके बाद मैं यह सोचकर काफी खुश हुई कि मैं इतनी अच्छी जगह पर आ गई हूं. पहले मुझे कभी इस बात का अहसास ही नहीं होता था कि मुझमें भी कोई प्रतिभा है, अब यह महसूस होने लगा है। मैं और मेरे जैसे कई बच्चे सड़कों पर या रेलवे स्टेशनों पर जीवन गुजारते रहते हैं, हालांकि उनकी आंखों में भी अच्छी शिक्षा और बेहतर भविष्य के सपने होते हैं। उन्हें बस उन सपनों को पूरा करने का जरिया पता नहीं होता। रेनबो होम्स उन सपनों को पूरा करने का रास्ता दिखाता है।

रेनबो होम्स में बच्चे शिक्षा और बाकी गतिविधियों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। मेरा भाई भी पहले पढ़ाई में रुचि नहीं लेता था, लेकिन रेनबो होम में आने के बाद वह पढ़ाई में अच्छा हो गया है। रेनबो होम में कई बच्चों के माता-पिता नहीं हैं लेकिन यहां कोई किसी को भी परिवार की कमी महसूस नहीं होने देता। यहां आने के बाद रेनबो होम मुझे अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद दे रहा है और केवल मुझे नहीं बल्कि मुझसे कई बच्चों को यहां अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलती है। मुझे रेनबो होम पसंद है और यहां का स्टाफ भी; मैं उन सभी को शुक्रिया कहना चाहती हूं लेकिन मुझे यहां का उपमा बिलकुल पसंद नहीं है जो कभी-कभी खाने के लिए मिलता है।

सामाजिक ढांचा अच्छा नहीं लगता

मुझे हमारे समाज का तानाबाना अच्छा नहीं लगता क्योंकि रोजाना कई गलत बातें होती रहती हैं। महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता। उनका हमेशा शोषण होता है- जन्म से पहले भी और बाद में अपने ही परिवारों में उन्हें तिरस्कार झेलना पड़ता है। अगर औरत नहीं होती तो पुरुष कहां से होते? मुझे लड़कियों को बंदिश में रखना और पढ़ने-लिखने नहीं देना अच्छा नहीं लगता। मुझे यह भी अच्छा नहीं लगता कि बड़े लोग बच्चों से सड़कों पर भीख मंगवाते हैं। बच्चों को पकड़कर उनके अंग बेच दिए जाते हैं- मैंने कई घटनाएं देखी-सुनी हैं। लेकिन दूसरी तरफ अच्छे घरों में बच्चे बड़े होने के बाद मां-बाप को छोड़ देते हैं। यह हमारे समाज की सुंदर तस्वीर तो नहीं!

CREATING A CHILD FRIENDLY SOCIETY

The concept of Rainbow Home is very unique and special. It has many features that bring the uniqueness to the programme. Homes are very child friendly and non-custodial care providers with rights based approach. The child development process is taken care well in a protective environment with comprehensive care. The concept of Rainbow Homes consists of most importantly human, social and secular values. Establishing Rainbow Homes in partnership with local administration and civil society is an important aspect. At Rainbow Homes, every child is given special care and encouraged as per their best interest in academic, cultural, sports and creative skills based on their level of skill/ talent assessment. Slow learners are motivated to identify their inner potential and build their confidence level to reach their goal. Skill development trainings are given. Soft skills are developed and multiple opportunities are shown with proper guidance to build their professional career under the FUTURE programme concept. The growth areas are also identified in young adults and given trainings to overcome challenges in the process of reaching their goal. In the entire process of grooming children, participation of the child in decision making is given priority. The staff designation terminology itself creates homely and family atmosphere and it does not use any terms like warden, supervisors etc. I believe that this concept will definitely make the children as socially responsible citizens and help us to create peaceful society.

These homes are run as per the JJ act norms. Child safety and protection is very important and Child Protection Committees (CPC) have been set up under Child Protection Policy (CPP) of the Rainbow Homes and is being implemented firmly.

Mainly, monitoring and evaluation tools are very effective and helpful to the partners to improve the quality of the programme. Internal and external financial auditing process by reputed audit companies like Deloitte is an important aspect and it adds the value to the concept.

As many children who were on street and faced hurdles erlier are now living on their own and leading life with dignity, the concept of Rainbow Homes has been recognized as best concept in the country based on the researches and observation studies done by various institutions and individuals. Before I conclude, I take this opportunity to thank Rainbow Foundation India for giving an opportunity to ASRITHA organization as a partner in Balyamitra Network, which is successfully implementing Rainbow homes and Sneh ghars and trying to create a caring and protective child friendly model society.

Nagaraja. S
Project Incharge,
Rainbow home & Sneh ghars, ASRITHA

बनाना बच्चों के लिए अनुकूल समाज

रेनबो होम की अवधारणा बड़ी खास व अनूठी है। यहां की कई सारी बातें हैं जो इसे सबसे अलग करती हैं। होम बच्चों के लिए दोस्ताना हैं और यहां न केवल बंधनों से मुक्त देखरेख है बल्कि यहां की समूची अवधारणा बाल अधिकारों की हिफाजत करने वाली है। सबसे जरूरी बात यह है कि रेनबो होम की अवधारणा में मानवीय, सामाजिक व धर्मनिरपेक्ष पहलुओं का ख्याल रखा जाता है। रेनबो होम की स्थापना में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ सिविल सोसायटी की भी भागीदारी रहती है। यहां हर बच्चे पर खास ध्यान दिया जाता है और उन्हें उनकी रुचियों- पढ़ाई, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां या रचनात्मक कौशल के आधार पर और उनकी प्रतिभा के मूल्यांकन के आधार पर आगे बढ़ाया जाता है। जो बच्चे सीखने में धीमे होते हैं, उन्हें अपने भीतर की खूबियों को पहचानने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि उन्हें अपने मकसद को हासिल करने के लिए आत्मविश्वास हासिल हो सके। कौशल विकास का प्रशिक्षण भी बच्चों को मिलता है और पूरे दिशानिर्देश के साथ उन्हें तमाम तरह के अवसरों से परिचित कराया जाता है ताकि फ्यूचर्स कार्यक्रम के तहत वे अपना कैरियर विकसित कर सकें। युवाओं में विकास की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों के बढ़े होने की समूची प्रक्रिया में हर चरण पर फैसले लेने में बच्चों की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाती है। रेनबो होम में स्टाफ के पदों के नाम भी ऐसे रखे जाते हैं कि उनसे घर का सा माहौल झलकता हो। इसीलिए वार्डन, सुपरवाइजर जैसे पदनाम नहीं रखे जाते। इस तरह के सामाजिक रूप से जिम्मेदार बच्चे विकसित होते हैं जो एक शांतिपूर्ण समाज की रचना में मदद देते हैं। रेनबो होम जेजे नियमों के अनुरूप चलते हैं और वहां बच्चों की हिफाजत को अहमित दी जाती है। रेनबो होम की एक बाल सुरक्षा नीति है जिसे सख्ती से लागू किया जाता है। रेनबो होम के कामकाज की निगरानी व मूल्यांकन की भी पुख्ता व्यवस्था है ताकि सभी पार्टनर इस कार्यक्रम की गुणवत्ता में निरंतर इजाफा कर सके।

जीवन की मुश्किलों का सामना करके जो कई बच्चे पहले सड़कों पर रह रहे थे, वे अब अपने दम पर पूरी गरिमा के साथ जीवन बिता रहे हैं। विभिन्न व्यक्तियों व संस्थानों द्वारा किए गए शोध व अध्ययनों के आधार पर रेनबो होम्स को बच्चों के लिए एक बेहतरीन अवधारणा के तौर पर स्वीकार किया गया है। हम सब मिलकर बच्चों के लिए एक सुरक्षित व अनुकूल समाज की संरचना करने में कामयाब होंगे।

नागराज एस, प्रोजेक्ट इंचार्ज, रेनबो होम व स्नेह घर, आश्रिता

So many good things and handful of challenges

Mohammad Rahim, 10th Std. Ummeed Rainbow Home, Delhi
Seema, 10th Std. Kilkari Rainbow Home, Delhi

Our country is so diverse. Nature has different shades here and as much vivid are the dressing styles, food habits and ways of living. Socially speaking, there are many religions and castes; even there is huge economic disparity. Despite all this, there is also a unity in this diversity, a sense of brotherhood. At times, there might be some religious tensions, but if country is facing any adversity than we all will be one to face it and overcome it.

Rainbow Home is also such a place. Here kids from all religions live together. They eat together and do all activities. Nobody has any ill feeling for other religion. All festivals are celebrated together. Everybody is free to eat, whatever they like- whether vegetarian or non-vegetarian. Nobody is forced to do anything. For me, Rakhi festival brings the most happiness, when brothers and sisters meet. Children from all religions celebrate this festival at home. I stay at Ummeed Home, while my sisters are in Kilkari and Khushi Homes. Though I am a Muslim, but on the day of Raksha Baandhan I will get my sister Rasmuni tie me a Rakhi on my wrist.

But there are still some challenges for our country. Population has been increasing rapidly. More population leads to more poverty. Due to poverty there are more unlettered people and therefore it gives way to corruption. Unlettered people are often exploited, there properties are usurped, their documents are misused, they are coerced into doing wrong things. In our country poverty becomes reason for discrimination. Society gest divided into two as per economic standings. One section has big houses, big cars, their children go to costly private schools; while other section is often deprived of clothes to cover their body and shelter on their heads, their kids often suffer from malnutrition and they travel miles on foot to reach the nearest government school. Those who have everything, even they are indulged in cutthroat competition to move ahead, often ready to trample anyone on their way. Our resources are not used judiciously and therefore we still lag in world on many aspects. But if we get together, than we can overcome all obstacles.

ढेर सारी अच्छाइयां लेकिन थोड़ी-बहुत मुश्किलें भीं

मोहम्मद रहीम, *10वीं, उम्मीद रेनबो होम, दिल्ली*
सीमा, *10वीं, किलकारी रेनबो होम, दिल्ली*

हमारा देश भारत विभिन्नताओं से भरा पड़ा है। यहां प्रकृति के भी अलग-अलग रंग हैं और लोगों का पहनावा, खान-पान, रहन-सहन- सभी कई तरह के हैं। सामाजिक तौर पर देखा जाए तो धर्म व जातियां कई हैं और आर्थिक स्थिति के लिहाज से भी खूब अंतर हैं। लेकिन इतनी विभिन्नताओं के बावजूद लोगों में गजब की एकजुटता है। आपस में भाईचारा है। कभी-कभी धार्मिक तौर पर कोई तनाव हो जाता है लेकिन जब देश पर कोई आपदा या मुसीबत आती है तो सब एक हो जाते हैं और दुश्मन को हराकर ही दम लेते हैं।

रेनबो होम भी एक ऐसी ही जगह है। यहां सभी धर्मों के बच्चे हैं। साथ खाते-पीते हैं, उठते-बैठते हैं और संग-संग रहते हैं। कभी कोई किसी दूसरे धर्म की बुराई नहीं करता। सारे त्योहार भी मिल-जुलकर मनाए जाते हैं। खाने की भी सबको छूट है- यहां शाकाहारी खाना भी बनता है और मांसाहारी भी, जिसे जो पसंद हो खा सकता है। किसी से किसी भी बारे में कोई जोर-जबरदस्ती नहीं होती।

मेरे लिए सबसे खुशी का दिन तो रक्षा बंधन का होता है जब बहन-भाई मिलते हैं और बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं। यहां सभी धर्मों के बच्चे यह त्यौहार मनाते हैं। जैसे कि मैं तो उम्मीद होम में रहता हूं लेकिन मेरी बहनें किलकरी और खुशी होम में रहती हैं। रक्षा बंधन के दिन मैं अपनी बहन रासमुनी से राखी बंधवाता हूं, मुसलमान होने पर भी।

हां, कुछ मुश्किलें भी हैं हमारे देश के लिए जिनमें जनसंख्या सबसे बड़ी है। आबादी ज्यादा है और गरीबी भी। साक्षरता कम है जिसके कारण भ्रष्टाचार भी है। अक्सर निरक्षर लोगों का गलत फायदा उठा लिया जाता है- उनकी संपत्ति हड़प ली जाती है, कागजात से हेराफेरी हो जाती है, उन्हें बहला-फुसला लिया जाता है। हमारे यहां गरीबी भी भेदभाव का बड़ा जरिया बन जाती है। अलग-अलग हैसियत वाले समाज के दो हिस्से हो जाते हैं। एक हिस्सा बड़े-बड़े बंगलों में रहता है, गाड़ियों में घूमता है, उनके बच्चे महंगे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। वहीं दूसरे हिस्से के पास सिर पर छत और तन ढकने को कपड़े नहीं होते, उनके बच्चे अक्सर कुपोषण का शिकार होते हैं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए भी मीलों दूर पैदल जाते हैं। जिनके पास सबकुछ है वे भी आगे बढ़ने की होड़ में लगे रहते हैं। खुद को आगे धकेलने के लिए वे दूसरों को कुचलने के लिए भी तैयार रहते हैं। हर तरफ एक प्रतिस्पर्धा है। संसाधनों का सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि कई मामलों में हम दुनिया में बहुत पीछे हैं। लेकिन हम चाहें तो मिलकर सारी दिक्कतों से पार पा सकते हैं।

आसमां हो तुम
ज़मीं से न मिले तेरा पता
ख्वाबों से क्यों पूछते हैं बस तेरा पता
मंजिलें मिली तो हुआ खुद से लापता
दिलों में सिमटी हुई तेरी दास्तां
आसमां हो तुम
ज़मीं से न मिले तेरा पता
आंखों में छूपा जो आंसू पलकों से आ गिरा
ज़मीं पे आके वो भी हो गया है लापता
आसमां हो तुम
ज़मीं से न मिले तेरा पता...

Amina,
Kilkari Rainbow home, Delhi

S. Manikandan,
7th Std, ASP Home, Chennai

बुरी नजर वाले पसंद नहीं

■ लड़कियां बाहर निकलती हैं तो लोग बहुत बुरी नजर से देखते हैं, हमें यह पसंद नहीं।
■ हमारे समाज में शराब बेची जाती है जो हमें पसंद नहीं है क्योंकि शराब पीने से खुद का भी जीवन बर्बाद होता है और साथ में बच्चों का भी।
■ लड़कियां कम उम्र में ब्याह दी जाती है जिसके कारण लड़कियों की जिन्दगी बर्बाद हो जाती है और वे पढ़ नही पाती। नापसंद यह भी है कि बड़ी-बड़ी बिल्डिंग, फैक्टरी, पुल तो सब बन रहे हैं लेकिन गरीबों के लिए घर नहीं।
■ लोग बीड़ी-सिगरेट पीकर टुकड़े सड़क पर फेंक देतें हैं। अक्सर जब नगर निगम वाले सुबह साफ-सफाई करने आते है तो लोग जान बुझ कर गंदा फैला देते हैं।
■ सवेरे स्कूल जाते हुए हमें कई गरीब लोग सड़क पर सोते दिखते हैं और यह हमें पसंद नहीं।

आ रहा है समाज में धीरे-धीरे बदलाव

■ हमें दोस्ती करनी अच्छी लगती है क्योंकि अच्छे दोस्त हर मुसीबत में हमारी मदद करते हैं।
■ हमारे समाज में भेद-भाव थोड़ा कम हो गया है। पहले यह काफी ज्यादा था।
■ लड़कियां हिम्मत करके बाहर निकल रही हैं और वे अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं।
■ हमें यह पसंद है कि हमारा शहर एक स्मार्ट सिटी बन रहा है, बड़े -बड़े मॉल बन रहे है और शहर को साफ रखने के लिए इंतजाम हो रहे हैं।
■ वातावरण को हरा-भरा रखने के लिए लोग अधिक पेड़-पोधे लगा रहे हैं।

गुड़िया, ज्ञान विज्ञान रेनबो होम, पटना; *चंदा व आशा, घरौंदा अमन रेनबो होम, पटना;* *तनु, खिलखिलाहट रेनबो होम, पटना और* *बजरंगी, उमंग अमन स्नेह घर, पटना*

DISLIKE PEOPLE WITH BAD INTENTIONS

■ When girls move out, they are not looked upon nicely and we hate that.
■ We don't like alcoholic drinks being sold in our society as alcohol spoils lives.
■ Girls are married at young age, they can't study and their lives are rendered useless.
■ We also don't like building big factories, bridges, everything but no houses for poor people. People smoke carelessly and throw butts here and there. We don't like mindless spilling of garbage everywhere.
■ While going to school in the morning we find many poor people sleeping on roads and we don't like that.

Society is changing for sure

■ We like to make new friends as friends always help you in tough times.
■ Our society is changing and gradually the discrimination is decreasing.
■ Girls are showing courage to move out of home, and they are fulfilling their responsibilities.
■ We like that our city is becoming smart. Big malls are coming up and city is kept clean.
■ People are planting more and more trees to keep the environment green.

Gudiya, Gyan Vigyan Rainbow Home, Patna; Chanda & Asha, Ghraunda Aman Rainbow Home, Patna; Tannu, Khilkhilahat Aman Rainbow Home, Patna & Bajrangi, Umang Aman Sneh Ghar, Patna

LIKED JOINING THE AMAN VEDIKA

● Joining the Aman Vedika Rainbow Homes was the major turning point of our lives. We never thought that colours of our life would become brighter; we never thought that we would enjoy every day of our life. We had opportunities of learning new things. Fortunately, we got a platform to express our views. We are surrounded with people who are always there for us to encourage, to mentor our talents, to manage our emotions to help us for building the strong pillars of our life. We feel very happy for good education and getting so many opportunities. We participate in many social activities and became aware of society. We are provided with good playgrounds. We are very happy to be groomed as secular citizens.

अमन वेदिका में आना रहा अच्छा

● अमन वेदिका रेनबो होम में आना हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण पल रहा। वरना हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि हमारी जिंदगी के रंग भी इतने चमकदार बनेंगे, हमने यह उम्मीद भी नहीं की थी कि हमारी जिंदगी के सारे दिन यूं अच्छे बन जाएंगे। हमारे पास नई चीजें सीखने का मौका बन गया। हमें अपने विचार जाहिर करने के लिए भी एक नया मंच मिल गया। अब हमारे चारों तरफ ऐसे लोग हैं जो हमें प्रोत्साहित करते रहते हैं, हमारी प्रतिभा को विकसित करते हैं और हमारी भावनाओं को काबू में रखते हैं ताकि हम अपने जीवन की मजबूत बुनियाद खड़ी कर सकें। हमें इस बात की खुशी है कि हमें अच्छी शिक्षा मिल रही है और कई मौके भी। हम कई सारी सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं और समाज से वाकिफ होते हैं। हमें खेलने के लिए अच्छे मौके मिलते हैं। हमें इस बात की खुशी है कि हम धर्मनिरपेक्ष नागरिकों के तौर पर पल बढ़ रहे हैं।

DISLIKE CASTE DISCRIMINATION THE MOST

● We have a strong dislike for the caste system in our society which makes reservations a must. This has caused a lot of discontent. Due to the caste system upper caste people don't allow the lower caste people inside their houses. Discrimination is prevalent and some people are still practising untouchability.

Abhinav, 11 yrs. Amanvedika Snehghar Biblehouse, Hyderabad
Prashanth, 10 yrs. Amanvedika Snehghar Biblehouse, Hyderabad
Sandeep, 15 yrs. Amanvedika Snehghar Vijaynagar Colony, Hyderabad
Dhatrika, 17 yrs. Amanvedika Rainbow Home, Musheerabad
Keerthi, 18 yrs. Amanvedika Rainbow Home, Musheerabad

जातिगत भेदभाव है सबसे नापसंद

● हम हमारे समाज में जाति व्यवस्था को सख्त नापसंद करते हैं जिसके कारण आरक्षण जरूरी हो जाता है। इसकी वजह से लोगों में असंतोष फैलता है। जाति व्यवस्था के कारण ही ऊंची जातियों के लोग निचली जातियों के लोगों को अपने घरों के भीतर नहीं आने देते। भेदभाव अब भी काफी है और कुछ लोग तो अब तक छुआछूत को मानते हैं।

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • ರೆಯಿನ್‌ಬೊ ಸಾಥಿ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

बेहतरी की योजनाएं हैं अच्छी...

हमारे बिहार में सरकार द्वारा पटना को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है और उस पर काम भी जारी है। समाज की परेशानियों को देखते हुए जगह-जगह पर पुल बनाए गए हैं और मेट्रो ट्रेन की योजना पर भी काम चल रहा है। सरकार ने खाली जगहों पर पार्क भी बनवाये हैं। हम अपने राज्य के लिए सक्षम नेताओं को चुनते है जो हमारे गांव व शहरों को चला सकें और समाज के प्रति जागरूक रहें। बच्चों की शिक्षा के लिए भी बहुत सारी योजनाएं बनी हुई हैं ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी आगे बढ़ सके।

...लेकिन भ्रष्टाचार करता है सबको खराब

हमारे यहां गरीबों के लिए जो भी योजनाएं बनती हैं, वो उन तक न पहुंचकर सीधे अमीरों के पास जाती है! गरीब सड़कों पर ही पड़े रहते हैं और उनकी जगह बीपीएल कार्ड अमीरों के बन जाते हैं। हम जब अपने हक की मांग करते हैं तो हमसे घूस मांगी जाती है और नहीं देने के कारण हम इन योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। जो काम सरकार के तरफ से मुफ्त में होने होते हैं उनके लिए भी हमें पैसे देने पड़ते है।

चम्पा कुमारी, रियाज़, चंदा व रचना, *कक्षा 9, घरौंदा अमन रेनबो होम, पटना*

Welfare schemes are good

